प्रमुख सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में दिनांक 11.02.2021 को योजना भवन में नेशनल ब्राडबैण्ड मिशन/ भारत नेट प्रोजेक्ट के अन्तर्गत उ0प्र0 के ग्राम तथा हेमलेट के मास्टर डाटा में विसंगतियों को दूर किये जाने हेतु आयोजित बैठक का कार्यवृत्तः-

बैठक में दूर संचार विभाग, भारत सरकार, पंचायतीराज, ग्राम्य विकास विभाग, राजस्व विभाग, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, जनगणना निर्देशालय, यूपी डेस्को, यूपी एल.सी., रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेन्टर, सी.एस.एस.- एस.पी.वी. आदि के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में मास्टर डेटा में विभिन्न विसंगतियों को दूर किये जाने के संबंध में प्रमुख सचिव महोदय द्वारा निम्न निर्देश दिये गयेः-

1. छूटे हुए सेन्सस ग्राम (Missing Census Village ): प्रमुख सचिव महोदय द्वारा रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेन्टर, को निर्देश दिया गया कि वे इस संबंध में निदेशक, जनगणना से सम्पर्क करके जनगणना, 2011 की सूची तथा जनगणना, 2011 के मैप की परस्परा विसंगति दूर करवाते हुए छूटे हुए सेन्सस ग्राम का डाटा दूरसंचार विभाग को उपलब्ध करायें ।
2. रिमोट एप्लेकेशन सेंटर को निर्देश दिया गया कि वे ग्रामों/हेमलेट के मास्टर डाटा में अन्य विगसंगतियों को भी दूर किये जाने के संबंध में जनगणना निदेशालय से सम्पर्क करते हुए तत्काल आवश्यक कार्यवाही की जाय।
3. दूर संचार विभाग नमामि गंगे विभाग से सम्पर्क करते हुए मजरों की सूचना प्राप्त करें।
4. दूर संचार विभाग को निर्देश दिया गया कि उनके द्वारा बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग से आंगनबाडी, आदि की अपेक्षित सूचना हेतु उन्हें एक्सेल शीट उपलब्ध करा दी जाय जिसमें बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा सूचना अंकित करते हुए दूर संचार विभाग को विवरण उपलब्ध करा दिया जाय।
5. दूर संचार विभाग प्रदेश के ग्राम्य विकास अधिकारियों का विवरण ग्राम्य विकास विभाग से तथा लेखपालों का विवरण राजस्व विभाग से प्राप्त कर लें। इस संबंध में ग्राम्य विकास विभाग तथा राजस्व विभाग द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किए जाने का निर्देश दिया गया।
6. दूर संचार विभाग द्वारा प्राथमिकता के आधार पर सभी संबंधित विभागों सम्पर्क करके आवश्यक डाटा प्राप्त कर लिया जाय तथा डाटा में जो भी त्रुटियॉ/ विसंगतियॉ

CS Scanned with CamScanner

हैं, के संबंध में विभागों के साथ केवल पत्राचार के माध्यम से ही नहीं बल्कि स्वयं सम्पर्क करके उनमें तत्काल सुधार कराते हुए प्रदेश में नेशनल ब्राडबैण्ड मिशन के अन्तर्गत अग्रत्तर कार्यवाही की जाय।

आमोद कुमार
प्रमुख सचिव

उत्तर प्रदेश शासन
नियोजन अनुभाग-4
संख्या-911/35-4-2020
लखनऊ: दिनांक: 19 फरवरी, 2021

प्रतिलिपि- निम्नांकित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1. अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव/सचिव, आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, पंचायतीराज विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, राजस्व विभाग, बाल विकास सेवा पुष्टाहार विभाग।
2. प्रबन्ध निदेशक, यूपीडेस्को, लखनऊ।
3. निदेशक, रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर, लखनऊ।
4. सलाहकार/ Sr. DG of DoT of the U.P, ( EAST ) & UP (WEST) LSAs, दूर संचार विभाग, भारत सरकार।
5. निदेशक, दूर संचार विभाग, भारत सरकार, लखनऊ।
6. सीएससी- एसपीवी, लखनऊ।
7. प्रबंधक निदेशक, यूपीएलसी, लखनऊ।
8. निदेशक, जनगणना संचालन निदेशालय, अलीगंज, लखनऊ।

आज्ञा से,

(ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी)
विशेष सचिव।

Scanned with CamScanner